13/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने सोमवार को गेंगटोक में आर्मी कैंटोनमेंट में 17 माउंटेन डिवीजन के पैसठवें स्थापना दिवस पर अधिकारियों और सैनिकों को संबोधित करते हुए इसके रणनीतिक महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने इस डिवीजन को पूर्वोत्तर का रक्षक और सिलीगुड़ी कॉरिडोर का प्रहरी बताते हुए जवानों से टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, AI, ड्रोन और एडवांस्ड सर्विलांस अपनाकर भविष्य के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। लोगों पर केंद्रित पहलों पर ज़ोर देते हुए, राज्यपाल ने सीमावर्ती इलाकों में विश्वास और विकास को बढ़ावा देने के लिए मज़बूत सैन्य-नागरिक जुड़ाव का भी आह्वान किया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बिचोम जिले के बाना में आयोजित आका (ह्रुसो) समुदाय के सारोक महोत्सव की गोल्डन जुबली समारोह में भाग लेते हुए, राज्य की आदिवासी भाषाओं को संरक्षित करने के लिए तुरंत कार्रवाई करने की अपील की। साथ ही अरुणाचल प्रदेश में युवाओं के बीच मातृभाषाओं के घटते इस्तेमाल पर भी चिंता व्यक्त की।, उन्होंने कहा कि यह चिंताजनक है कि सिर्फ़ सात से आठ प्रतिशत आका युवा ही अपनी मूल भाषा बोलते हैं, और कई अन्य समुदायों में भी ऐसा ही

देखा जा रहा है। परिवारों, बुज़ुर्गों और संस्थानों की भूमिका पर ज़ोर देते हुए, मुख्यमंत्री ने घरों और सांस्कृतिक गतिविधियों में स्थानीय भाषाओं के रोज़ाना इस्तेमाल का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भाषा पहचान और विरासत की नींव है, और नागरिकों से राज्य की भाषाई विविधता की रक्षा के लिए सामूहिक ज़िम्मेदारी लेने का आह्वान किया।

000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने कहा कि राज्य सरकार अवैध प्रवास यानी इलीगल माइग्रेशन और इसके दुष्परिणामों को रोकने के लिए एक मज़बूत, तकनीकी आधारित इनर लाइन परमिट - ILP सिस्टम शुरू कर रही है। यह डिजिटाइज़्ड प्लेटफॉर्म ज़्यादा समय तक रुकने, एक्सपायर्ड परमिट, ट्रैवल पैटर्न और रियल-टाइम एंट्री-एग्जिट डेटा को ट्रैक करेगा। श्री खांदू ने कहा कि इसके तहत बाहर से मज़दूरों को लाने वाले एम्प्लॉयर्स को सही वेरिफिकेशन के लिए अधिकारियों को जानकारी देनी होगी। साथ ही स्थानीय लोगों के अधिकारों, ज़मीन और संस्कृति की रक्षा के लिए बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन, अट्ठारह सौ तीहत्तर को और मज़बूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि राज्य की सुरक्षा और कानून को लागू करना सरकार सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

000000000000000000000000

राज्य के फूलों की खेती में एक बड़ी उपलब्धी के तहत, मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबनसिरी जिले से दो हज़ार एशियाटिक लिलियम के फूलों की पहली खेप को गुवाहाटी के लिए रवाना किया। जिससे स्थानीय किसानों को लगभग एक लाख रुपये की आय अर्जीत हुई। बागवानी के एकीकृत विकास मिशन - MIDH के तहत, विभाग राज्य की कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल उच्च गुणवत्ता वाले फूलों की खेती को बढ़ावा दे रहा है। उम्मीद है कि इस पहल से पूरे भारत में फूलों के बड़े बाजारों तक पहुंच बढ़ेगी, जिससे किसानों की आय, टिकाऊ खेती और समावेशी ग्रामीण विकास के नए अवसर खुलेंगे।

000000000000000000000000

राज्य के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि में, नामसाई जिले के गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, चोंगखाम की दो छात्राएं, कक्षा बारह साइंस की नांग सुजाता जेनाओ और सुश्री कुसुम कुमारी मिश्रा, दोनों आगामी सतहत्तरवें गणतंत्र दिवस समारोह के लिए खास अतिथि के तौर पर चुना गया है। इन छात्राओं को यह प्रतिष्ठित निमंत्रण नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत एक राष्ट्रीय पहल, स्कूल इनोवेशन मैराथन - SIM में उनके असाधारण प्रदर्शन के कारण मिला है। जिनहोंने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर आधारित एक कड़ी राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में अपनी अलग पहचान बनाई।

GHSS चोंगखाम अरुणाचल प्रदेश का एकमात्र स्कूल है जिसे इस सम्मान के लिए चुना गया है। यह उपलब्धि पूर्वोत्तर में युवाओं के नेतृत्व वाले इनोवेशन के बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है।

000000000000000000000000

सोमवार को आयोजित ईटानगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन - IMC की पहली बैठक में बीजेपी कॉर्पोरेटर लिखा नारी तादर द्वारा IMC की पहली महिला मेयर के तौर पर शपथ लिया गया, जबकि तोक ताबिन कामदिर ने डिप्टी मेयर के तौर पर शपथ ली। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए शहरी मामलों के मंत्री बालो राजा ने साफ-सफाई, आधारभूत संरचना, पारदर्शिता और राजस्व सृजन पर ध्यान देने का आग्रह किया।

000000000000000000000000

असम राइफल्स और अरुणाचल प्रदेश पुलिस द्वारा एक जॉइंट ऑपरेशन में तिराप ज़िले में NSCN-K (निक्की सुमी) गुट के दो ज़मीनी कार्यकर्ता - OGW को गिरफ्तार किया गया है। एक OGW को खोंसा बाज़ारा में जबरन नकदी वसूली करने के दौरान पकड़ा, जबकि दूसरे को देओमाली में पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए खोंसा पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। उनके पास से कैश, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और जबरन वसूली से जुड़ा सामान बरामद किया गया है। यह ऑपरेशन इस इलाके में उग्रवादियों से जुड़ी जबरन वसूली को रोकने के लगातार प्रयासों के तहत किया गया है।